PR
पटना,9फरवरी 2024

बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव औऱ महान कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा है कि देश के विकास में अतुलनीय योगदान देने वालों का सम्मान करना मोदी की गारंटी है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस फैसले से राष्ट्र सेवा औऱ जनसेवा में लगे युवाओं, प्रोफेशनल, वैज्ञानिकों औऱ विद्वानों में उत्साह, ऊर्जा औऱ उमंग का संचार होगा।इससे इन सबों को प्रेरणा मिलेगी।प्रधानमंत्री मोदी ने सिद्ध कर दिया है कि जाति, धर्म औऱ राजनीति से उपर उठकर वे राष्ट्र नायकों का सम्मान करते रहेंगे।

श्री सिन्हा ने कहा कि 2014 के बाद से प्रधानमंत्री ने भारत सरकार के माध्यम से कला, संस्कृति, खेल, जनसेवा, अनुसंधान, चिकित्सा, विज्ञान आदि क्षेत्रों में में

पद्मश्री से पद्मभूषण तक का सम्मान इसके वास्तविक हकदारों को दिया है।पहले भूले बिसरे नायकों को ये सम्मान नहीं दिये जाते थे।

श्री सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस पुनीत कार्य हेतु आभार प्रकट किया है।